नोटः—(1) अभ्यर्थी को सहायक अध्यापक एल0टी0 पद पर नियुक्ति/चयन हेतु U.T.E.T.-2/C.T.E.T.-2की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। किन्तु शारीरिक शिक्षा के अध्यापकों के लिए उल्लिखित न्यूनतम मानदण्ड लागू होंगे। कला शिक्षा तथा गृह विज्ञान के अध्यापकों हेतु निर्धारित पात्रता मानदण्ड तब तक लागू रहेंगे जब तक राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् न्यूनतम योग्ताएं निर्धारित नहीं कर देती। उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–163 दिनांक 04 मार्च 2016 तथा शासनादेश संख्या–867/XXIV(1)/2017-15/2011 दिनांक 13 नवम्बर 2017 के अनुसार U.T.E.T.-2/C.T.E.T.-2 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों द्वारा U.T.E.T.-2/C.T.E.T.-2 परीक्षा में श्रेणीवार निम्नानुसार अंक अर्जित होने चाहिएः— **VacancySarkari.com**

श्रेणी	महिला (UK.WO.)	भू0सै0 (EX.SER.)	स्व0सं0से0 (D.F.F.)	दिव्यांग (DIVYANG)	अनाथ (ORPHAN)	अन्य (OTHER)
अ0जा0 (S.C.)	60	75	75	75	60	60
अ0ज0जा0 (S.T.)	60	75	75	75	60	60
अ0पि0व0 (O.B.C.)	75	75	75	75	75	75
आ0क0व0 (E.W.S.)	90	75	75	75	90	90
सामान्य/अना0 (Gen./U.R.)	90	75	75	75	90	90

(2) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है।

5. **विभागीय लिखित (10 प्रतिशत) सीधी भर्ती परीक्षा हेतु अर्हताः**—विभागीय लिखित परीक्षा द्वारा भर्ती हेतु राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा सेवा के अन्तर्गत कार्यरत ऐसे प्रधानाध्यापक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय/सहायक अध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सहायक अध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सहायक अध्यापक सम्बद्ध राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं सहायक अध्यापक राजकीय आदर्श विद्यालय अर्ह होंगे जिन्होंनेः—

(क) स्नातक उपाधि प्राप्त की हो,

(ख) उपरोक्त शैक्षिक अर्हता की तालिका में निर्धारित विषय संयोजन संबंधी उपबन्ध पूर्ण किये हों।

(ग) उपरोक्त शैक्षिक अर्हता की तालिका में निर्धारित प्रशिक्षण योग्यता रखता हो।

नोट 1:— **दिव्यांग श्रेणी** LV/PB-Low Vision/Partially Blind, B-Blind, OA-One Arm Affected, OL-One Lef Affected, BL-Both Leg Affected, BH-Stiffback and Hips(cannot sit or stoop), OAL-One Arm and One Leg Affected, CP-Cerebral Palsy, LC-Leprosy Cured, Dw-Dwarfism, AAV/AV- Acid Attack Victims/Acid Victims, MDy/MW-Muscular Dystrophy/Muscular Weakness and limited physical, Th-Thalassaemia, Hp-Hemophilia

6. **लिखित प्रतियोगी परीक्षा का पाठ्यक्रमः**—

उक्त पदों पर चयन हेतु 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय (Objective Type with Multiple Choice) 02 घन्टे की एक प्रतियोगी परीक्षा होगी, जिसमें पद की शैक्षिक अर्हता के अनुरूप निम्नवत् दो भाग होंगेः—

1. **भाग एक**— शैक्षिक अभिवृत्ति, तर्कशक्ति परीक्षण एवं सामान्य ज्ञान — 50 अंक
2. **भाग दो**— जिस विषय के सहायक अध्यापक के पद के लिए आवेदन किया जा रहा है उस विषय की दक्षता परीक्षण हेतु— 50 अंक

अभ्यर्थी परीक्षा पाठ्यक्रम हेतु **परिशिष्ट–01** का अवलोकन करें।

7. प्रतियोगी परीक्षा हेतु निर्देशः–

(i) सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी0) व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डब्लू0एस0) श्रेणी के अभ्यर्थियों को 45 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को 35 प्रतिशत न्यूनतम अर्हक अंक लाना अनिवार्य है, अन्यथा वे लिखित प्रतियोगी परीक्षा में अनर्ह माने जाएंगे।

(ii) अभ्यर्थियों को ऑफलाइन लिखित प्रतियोगी परीक्षा की प्रश्न बुकलेट, परीक्षा के पश्चात अपने साथ ले जाने की अनुमति है।

(iii) ऑफलाइन लिखित प्रतियोगी परीक्षा के ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (O.M.R. Sheets) ट्रिप्लीकेट (तीन प्रतियों) में होंगे। लिखित प्रतियोगी परीक्षा की समाप्ति पर प्रत्येक अभ्यर्थी उत्तर पत्रक की मूल प्रति एवं द्वितीय प्रति अपने परीक्षा कक्ष के कक्ष निरीक्षक को अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। ऐसा न करने पर संबंधित अभ्यर्थी का परिणाम शून्य किया जाएगा। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की तृतीय प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति है। यदि परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाती है, तो परीक्षा समाप्ति के पश्चात अभ्यर्थियों को उनकी परीक्षा सामग्री यथा प्रश्न बुकलेट व दिए गए उत्तर विकल्प तथा उसके द्वारा दिए गए उत्तर व उसकी कुंजी ऑनलाइन माध्यम से दी जाएगी।

VacancySarkari.com

(iv) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प दिए जाएंगे। अभ्यर्थी को चार उत्तर विकल्पों में से एक सर्वोत्तम सही विकल्प का चयन करना है। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गये अंकों का एक चौथाई ऋणात्मक अंक के रुप में काटा जाएगा।

(v) यदि अभ्यर्थी किसी भी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है, तो उसे गलत उत्तर माना जायेगा, यदि दिये गये उत्तरों में से एक उत्तर सही भी हो, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपरोक्तानुसार ही उसी तरह का ऋणात्मक अंक दिया जाएगा।

(vi) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई ऋणात्मक अंक नहीं दिया जाएगा।

(vii) ओ0एम0आर0 शीट में व्हाइटनर का उपयोग या विकल्पों को खुरचना/कटिंग आदि पूर्णतया प्रतिबंधित है और इसके लिए भी ऋणात्मक अंक दिया जाएगा।

(viii) यदि कोई अभ्यर्थी अपने ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में गलत अनुक्रमांक अथवा गलत बुकलेट सीरीज अंकित करता है या अनुक्रमांक के सापेक्ष गलत वृत्तों को अंकित करता है या कुछ भी अंकित नहीं करता है तो उसके ओ0एम0आर0 पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

(ix) ऑनलाइन लिखित प्रतियोगी परीक्षा होने की स्थिति में प्रश्न–पत्र व दिये गये उत्तर विकल्प अभ्यर्थी को उपलब्ध कराये गये मॉनीटर/कम्प्यूटर/टैब पर ही प्राप्त होंगे।